मुख्यमंत्री ने कोटा के सभी निकायों में विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी

मंगलवार को सम्मान समारोह में भजनलाल ने जीत को जनता से निरंतर जुड़ाव का परिणाम बताया

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा-बूँदी में भाजपा कार्यकर्ताओं से पंचायती राज चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

कोटा, 29 सितंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 78 प्रतिशत वादों को पौने तीन वर्ष में ही पूरा कर लिया है। जनता से किए गए संकल्पों को हमने समय से धरातल पर उतारा है, जिसके सकारात्मक परिणाम निकाय चुनाव में देखने को मिले हैं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को कोटा में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कोटा के सभी नगर निकायों में भाजपा की जीत के लिए महापौर, उपमहापौर, पार्षदों और पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को बधाई देते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता से निरंतर जुड़ाव का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे आगामी पंचायत राज चुनावों में इसी ऊर्जा और ताकत के जुटें तथा भाजपा को विजयी बनाएं।

मुख्यमंत्री के कोटा आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने भी कार्यकर्ताओं से बड़ी आत्मीयता के साथ भेंट कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। सम्मान समारोह के दौरान, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, महापौर अनुसुइया गोस्वामी, उपमहापौर विवेक राजवंशी, जिला प्रभारी प्रमोद सावर, जिलाध्यक्ष राकेश जैन सहित, संगठन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कोटा में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को कोटा के एलन सभागार में कोटा-बूंदी कार्यकर्ताओं से भी संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि चुनाव नेता नहीं जीतता, बूथ का कार्यकर्ता जीतता है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि वे पंचायती राज चुनावों की तैयारी में जुट जाएं। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद स्तर पर संगठन को और मजबूत करें। हर गांव और हर ढाणी तक सघन जनसंपर्क करें।

सोडाला-गुर्जर की थड़ी रोड 100 फीट करने से प्रभावित लोगों ने पक्षकार बनने की अर्जी दी

- हाई कोर्ट ने जेडीए से 6 अक्टूबर तक जवाब मांगा।

जयपुर, 29 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यू सांगानेर रोड पर सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक 100 फीट चौड़ी रोड और यहां के विश्वा नगर में अतिक्रमण के मामले में जेडीए को प्रभावितों की पक्षकार बनने की अर्जी का जवाब देने के लिए कहा है। वहीं मामले की आगामी सुनवाई 6 अक्टूबर तय की है। सीजे संजय के. अग्रवाल और जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने यह आदेश सुरेश चन्द रावत व अन्य की पीआईएल प्रभावितों की ओर से पक्षकार बनने के लिए पेश प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

प्रार्थना पत्र में कहा कि हाईकोर्ट के आदेश से याचिकाकर्ता प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में मामले में उनका पक्ष भी सुना जाए। वहीं जेडीए के अधिवक्ता अमित कुडी ने अदालत को बताया कि अभी तक 210 लोगों को धारा 72 का नोटिस दे दिया है और उनकी ओर से पेश जवाबों का परीक्षण कराया जा रहा है। इसके अलावा कार्रवाई के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। अदालत ने जेडीए का पक्ष सुनने के बाद, उसे पक्षकार बनने वाली अर्जी का जवाब देने के लिए कहा।

कैंसर दवाओं पर 10 गुना मुनाफा कमाना नरसंहार है- सुप्रीम कोर्ट

अदालत ने कहा कि दवाओं पर 16 प्रतिशत मार्जिन क्यों तय नहीं किया जाए

- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि कैंसर की दवा की ग्राहकों से ली जा रही एमआरपी 22,437 रूपए है, जबकि रिटेलर को यह सिर्फ 3520 रूपए में मिलती है। फार्मा कंपनियों को मरीज की कोई चिंता नहीं है।

नई दिल्ली, 29 सितंबर। उच्चतम न्यायालय ने जीवन रक्षक दवाओं की अत्यधिक कीमत (ओवर प्राइसिंग) वसूलने पर चिंता जताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। न्यायालय ने कैंसर की दवाओं पर 10 गुना तक मुनाफा कमाने को नरसंहार करार दिया है। न्यायालय ने कहा कि क्यों न दवाओं पर 16 फीसदी मार्जिन फिक्स कर दी जाए? अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को होगी।

सुनवाई के दौरान जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने इस बात पर गहरा दुख जताया कि कैसे कॉर्पोरेट अस्पताल आम नागरिकों और करदाताओं की कीमत पर दवाओं के दाम बढ़ा रहे हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि फार्मा कंपनियों को मरीजों की कोई चिंता नहीं है। कैंसर दवा का ग्राहकों से लिया जाने वाला अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) 22,437 रुपये होता है। रिटेलर के लिए इसकी कीमत सिर्फ 3,520 रुपये होती है। यह सीधे-सीधे नरसंहार है। कॉरपोरेट अस्पताल उद्योग की तरह काम कर रहे हैं।

न्यायालय ने पूछा कि दवाओं की कीमत तय करने की व्यवस्था में ऐसा अंतर क्यों है? न्यायालय ने कहा कि आखिर ऐसी जरूरी दवाओं को मूल्य नियंत्रण से बाहर कैसे रखा जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि 27 हजार रुपये एमआरपी वाली कैंसर की एक दवा का प्राइस टू रिटेलर करीब 3,000 रुपये है, जो अत्यधिक अंतर है। न्यायालय ने पूछा कि ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर यानी डीपीसीओ में आवश्यक और गैर आवश्यक दवाओं के बीच अंतर क्यों किया गया है?

चलती कार से वर्चुअल सुनवाई में शामिल होने पर 1 लाख रु. का जुर्माना

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने इसे कोर्ट रुम की गरिमा के खिलाफ माना

- कोर्ट ने कहा कि इलैक्ट्रॉनिक साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम भी किसी वकील को यह इजाजत नहीं देते कि बिना कोर्ट की अनुमति के वाहन से कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो।

नई दिल्ली, 29 सितंबर। चलती कार से वर्चुअल सुनवाई में शामिल होने पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एक वकील पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला ने इसे कोर्ट रूम की गरिमा के खिलाफ और जुडिशियल प्रोसीडिंग में बाधक मानते हुए यह आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई का मतलब यह नहीं है कि कोर्ट की गरिमा ही भंग हो जाए और कोर्ट सुनवाई ठीक से संचालित न कर सके। कोर्ट ने कहा कि जब रोजाना 70 मामले निपटाने हों और इस तरह की बाधा आए, कोर्ट की गरिमा को भंग करने का प्रयास किया जाए, तो कोर्ट को हस्तक्षेप करने की जरूरत पड़ेगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियम भी किसी वकील को इसकी इजाजत नहीं देता कि वह बिना कोर्ट की अनुमति के वाहन से कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो। कोर्ट विशेष परिस्थितियों में ही वकील को वाहन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई में हिस्सा लेने की अनुमति दे सकता है। यह इसलिए जरूरी है कि सुनवाई में शामिल हो रहे वकील भी एक अनुकूल माहौल महसूस करें।

मामला साउथ इंडियन बैंक और नेशनल हाइवे अथॉरिटी के बीच एक फैसले के अनुपालन से जुड़ा था। इसी मामले में साउथ इंडियन बैंक की ओर से पेश वकील नचिकेता गोयल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान चलती कार में थे और कोर्ट की सुनवाई में शामिल हुए थे। इस पर उच्च न्यायालय ने कड़ी आपत्ति जताते हुए नचिकेता गोयल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया।

'मैं किसी भी सूरत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपने अगले कदम के बारे में असमंजस में रखा है। इस तरह की रणनीति ने बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में उनकी सौदेबाजी की ताकत को बढ़ाया है। भले ही इससे उनके बारे में अवसरवाद की राजनीति करने की धारणा को बल मिला हो।

मोदी से पवार की हाल की मुलाकातों और मोदी के बारे में दिये गये उनके बयानों को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। जुलाई 2026 में प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई होगी, लेकिन इस मीटिंग को व्यापक रूप से दोनों पक्षों के बीच रिश्तों में सुधार के संभावित संकेत के रूप में देखा गया। लेकिन पवार के ताजा बयान एनडीए में शामिल होने की किसी भी संभावना को साफ तौर पर खारिज करते हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के धर्मनिरपेक्ष चरित्र और विपक्ष की भूमिका पर जोर दिया है। ये मुलाकातें वरिष्ठ नेताओं के बीच होने वाली व्यावहारिक राजनीतिक बातचीत जैसी लगती हैं, न कि विचारधारा के स्तर पर एक-दूसरे के करीब आने जैसी। इससे पवार अटकलों को नियंत्रित करने के साथ-साथ, भविष्य की राजनीतिक बातचीत के लिए अपनी गुंजाइश भी बनाए रखते हैं। 85 वर्ष की उम्र में भी शरद पवार की राजनीतिक भूमिका महत्वपूर्ण बनी हुई है, हालांकि उनका प्रभाव पहले की तुलना में कम हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर वे इंडिया गठबंधन के एक वरिष्ठ विपक्षी नेता हैं और उनका अनुभव तथा लंबा राजनीतिक रिकॉर्ड गठबंधन को संस्थागत मजबूती देता है। महाराष्ट्र में 2023 के विभाजन के बाद, उनके गुट से पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह चले गए तथा बाद के चुनावों में उसके चुनावी प्रदर्शन में भी कमी आई। इसके बावजूद, पश्चिमी महाराष्ट्र के सहकारी संस्थानों और किसान समुदाय से जुड़े नेटवर्क में उनका प्रभाव बना हुआ है। गठबंधन से जुड़े सवालों पर आज भी उनकी बात पर व्यापक ध्यान जाता है और वे राजनीतिक चर्चा को प्रभावित करने में सक्षम हैं। इससे पता चलता है कि वे पहले जैसे निर्णायक 'किंगमेकर' भले ही नहीं रहे हों, लेकिन पार्टी के वरिष्ठ नेता के रूप में वे अभी भी महाराष्ट्र की राजनीति की दिशा और चर्चा को अपनी शर्तों पर प्रभावित करते हैं।

आप पार्टी के सौरभ भारद्वाज व जरनैल सिंह के खिलाफ एफआईआर

नई दिल्ली, 29 सितंबर। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा का थप्पड़ कांड तूल पकड़ता जा रहा है। एक हेड कॉन्स्टेबल पर हमले के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। एफआईआर में सौरभ भारद्वाज, जरनैल सिंह और आप कार्यकर्ताओं के नाम शामिल हैं। साहिब सिंह के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल सोमवार को तिलक नगर गए थे। दिल्ली पुलिस का हेड कॉन्स्टेबल सादे कपड़ों में वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। आप समर्थकों की भीड़ ने उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। इसके बाद हेड कॉन्स्टेबल का मेडिकल टेस्ट कराया गया। सरकारी कर्मचारी को उसके काम में बाधा डालने और उस पर हमला करने से जुड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

हाई कोर्ट ने रामबाग पैलेस होटल का स्टाफ क्वार्टर खाली करने का आदेश दिया

- अदालत ने कहा कि कब्जा नहीं देने पर दो साल का कारावास होगा।

जयपुर, 29 सितंबर। आर्थिक अपराध मामलों की एसीजेएम कोर्ट महानगर द्वितीय ने रामबाग पैलेस होटल के स्टाफ क्वार्टर को लेकर होटल प्रबंधन पक्ष में फैसला दिया है। कोर्ट ने जगरूप सिंह पर कंपनी एक्ट के तहत 10 हजार रुपए जुर्माना लगाते हुए निर्देश दिया कि वह स्टाफ क्वार्टर नंबर एम-43 को खाली कर उसका कब्जा परिवादी कंपनी को दे। ऐसा नहीं करने पर वह दो साल का साधारण कारावास भुगतने के लिए जिम्मेदार होगा।

रामबाग पैलेस होटल के अधिवक्ता दीपक चौहान ने बताया कि जगरूप सिंह ने रिटायरमेंट के बाद भी आवासीय सुविधा के लिए दी, संपत्ति खाली नहीं की और न ही कंपनी को उसका कब्जा ही संभलाया। रामबाग पैलेस होटल के पावर ऑफ अटार्नी होल्डर श्रवण सिंह ने कोर्ट में दायर परिवाद में कहा कि परिवादी कंपनी, एसएमएस इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन से किराए पर भवन लेकर उसे अपने कर्मचारियों की आवासीय सुविधा के लिए देती है।

जगरूप सिंह के सेवाकाल में उसे भी एक मार्च 1978 को क्वार्टर रहने के लिए दिया था। 31 मार्च 2010 को उसे सेवा से हटा दिया, लेकिन उसने परिसर खाली नहीं किया।

झांसी में एक परिवार के पांच लोग डूबे

- वे सुखनई नदी के बल्लू घाट पर पूर्वजों को पानी देने गये थे।

झांसी, 29 सितंबर। उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित मऊरानीपुर थाना क्षेत्र में रिपोर्टिंग पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवरी सिंहपुरा के पास सुखनई नदी के बल्लू घाट पर मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। पूर्वजों को पानी देने पहुंचे एक ही परिवार के पांच लोग नदी में डूब गए। हादसे में 13 वर्षीय नाबालिग समेत पांचों की मौत हो गई। एक साथ पांच मौतों की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देवरी सिंहपुरा गांव में मातम पसर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देवरी सिंहपुरा निवासी रामेश्वर प्रसाद तिवारी के यहां 28 सितंबर को उनके स्वर्गीय भाई का श्राद्ध कार्यक्रम था। इसमें परिवार के सभी रिश्तेदार शामिल हुए थे। श्राद्ध के अगले दिन मंगलवार को परिजन पूर्वजों को पानी देने सुखनई नदी के बल्लू घाट पहुंचे थे। बताया गया कि घाट पर पहुंचने के बाद 40 वर्षीय अनूप तिवारी पुत्र रामेश्वर प्रसाद तिवारी नदी में नहाने के लिए उतरे। इसी दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। अनूप को डूबता देखकर उनका पुत्र 13 वर्षीय अर्पित तिवारी पुत्र अनूप तिवारी, 21 वर्षीय श्रेयांश तिवारी पुत्र विजय तिवारी, 24 वर्षीय अभिनय तिवारी पुत्र अजय तिवारी तथा भांजा 25 वर्षीय पुष्कल उर्फ छोटू पुत्र शिशु शुक्ला उन्हें बचाने के लिए गहरे पानी में उतर गए। देखते ही देखते पांचों गहरे पानी में समा गए।

मुख्यमंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

(बीकानेर), पलसाना (सीकर), जैसलमेर, प्रतापगढ़, मण्डावरी (दौसा), महवा (दौसा), बारां, नाहरगढ़ (बारां), उनियारा (टोंक), समरानियां (बारा), निवाई (टोंक), सादुलपुर (चूरू), बिजयनगर (ब्यावर), रिडमलसर (श्रीगंगानगर), कपासन (चित्तौड़गढ़), डीडवाना, भीनमाल, मदनगंज-किशनगढ़, डेगाना, कामां (डीग), नागौर, अनाज मण्डी उदयपुर, सीकर, चौमहला (झालावाड़), अनाज मण्डी कोटा, घड़साना (श्रीगंगानगर), संगरिया (हनुमानगढ़) में विभिन्न विकास कार्य कराए जाएंगें। इन विकास कार्यों से मण्डियों में किसानों और व्यापारियों के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे कृषि विपणन गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

सीआईएसएफ के हैडकांस्टेबल की अंधाधुंध फायरिंग में असि. कमांडेंट सहित 4 की मौत

आरोपी के अनुसार, लंबे समय से छुट्टी नहीं मिलने के कारण उसने गुस्सा होकर फायरिंग की

- हैड कांस्टेबल अवधेश सिंह हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे कठुआ जिले में सेवा -2 हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा में तैनात था। मंगलवार शाम 7 बजे उसने कैंप में फायरिंग कर दी जिसमें असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडेय, सब इन्सपेक्टर लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल रफीक अहमद और कांस्टेबल संदीप कुमार की मौत हो गई।

कठुआ, 29 सितंबर। हिमाचल प्रदेश की सीमा से सटे कठुआ जिले के हट्ट माश्का गांव में सेवा-2 हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल अवधेश सिंह ने छुट्टी के विवाद में मंगलवार शाम करीब 7:00 बजे कैंप में फायरिंग शुरू कर दी। एसएसपी कठुआ मोहिता शर्मा के अनुसार, गोली लगने से असिस्टेंट कमांडेंट अंकित कुमार पांडेय, सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल रफीक अहमद और कांस्टेबल संदीप कुमार की मौत हो गई है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी अवधेश सिंह को हिरासत में ले लिया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि, लंबे समय से छुट्टी के लिए आवेदन कर रहा था। लेकिन किसी न किसी कारण से छुट्टी रद कर दी जा रही थी। मंगलवार को भी छुट्टी को लेकर ही विवाद शुरू हुआ। गुस्से में आकर उसने शाम 7:00 बजे सर्विस राइफल से अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

गोली लगने से असिस्टेंट कमांडेंट एवं कंपनी कमांडर अंकित कुमार पांडेय, सब इंस्पेक्टर लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल रफीक अहमद और कांस्टेबल संदीप घायल हो गए। गंभीर हालत में सभी को हिमाचल के चंबा जिला स्थित राष्ट्रीय जलविद्युत निगम लिमिटेड (एनएचपीसी) के अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। सभी के शवों को हट्ट माश्का से सटे हिमाचल के एनएचपीसी की दूसरी परियोजना के खैरी अस्पताल में शिफ्ट करवा दिया गया है।

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सूत्रों व पुलिस के अनुसार, आरोपी हेड कांस्टेबल अवधेश सिंह ने एके-47 राइफल से फायरिंग की है। उसके पास 150 राउंड गोलियां थीं। गुस्से में आकर उसने अंधाधुंध फायरिंग की। इस बीच सामने जो आया, उसे निशाना बनाया। विवाद की शुरुआत असिस्टेंट कमांडेंट एवं कंपनी कमांडर अंकित कुमार पांडेय से हुई थी। सूत्रों के अनुसार अवधेश सिंह 2009 में सीआईएसएफ में भर्ती हुआ था।

ट्रंप एआई पर "रेग्युलेटरी" ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एआई मॉडल के तेजी से डवलपमैंट की गति की समीक्षा करने और कुछ कदम पीछे हटने की वकालत करने वाले दो प्रमुख लोगों में "ओपनएआई" के सैम ऑल्टमैन और "एन्थ्रॉपिक" के डारियो अमोडेई शामिल हैं। दोनों कंपनियों ने एआई मॉडल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण काम किया है। नए मॉडल की अनियंत्रित क्षमताओं को देखते हुए, ऑल्टमैन ने अरबों डॉलर खर्च करके विकसित किए गए अपनी कंपनी के नवीनतम मॉडलों में से एक को जारी करने से रोक दिया है।

ट्रंप इस विचार से सहमत नहीं हैं। वे इस पूरे मुद्दे को अमेरिका और चीन के बीच हाई टैक्नॉलजी क्षेत्र में चल रही प्रतिस्पर्धा के नज़रिए से देख रहे हैं। चिंता यह है कि अगर ये एआई मॉडल बड़े कंप्यूटर नेटवर्क और यहां तक कि डिफैंस सिक्यूरिटी सिस्टम को भी प्रभावित करने लगे, तो इसके क्या परिणाम हो सकते हैं।

ट्रंप बार-बार कह चुके हैं कि जो कोई भी एआई और उसकी क्षमताओं पर कब्जा करेगा, वही भविष्य में जीतेगा। इसलिए वे अमेरिकी एआई अनुसंधान और विकास पर रोक लगाने के पक्ष में नहीं हैं, क्योंकि चीन लगातार अपने एआई क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। कई मामलों में चीन पर अमेरिकी कंपनियों की तकनीक और साधनों का गलत तरीके से इस्तेमाल करने के आरोप भी लगे हैं।

इस समय इंडस्ट्री लीडर्स की ओर से एक अच्छी बात "एनवीडिया" के सीईओ जेनसेन हुआंग की ओर से आई है। एनवीडिया दुनिया की सबसे उन्नत चिप बनाने वाली कंपनियों में से एक है। हुआंग ने इस बहस में हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि ऐसी तकनीक और सुरक्षा व्यवस्था विकसित करना संभव है, जो एआई उत्पादों और कंप्यूटर सिस्टम को हैक करने की उनकी क्षमता से सुरक्षा कर सके।

जेनसेन हुआंग उन उद्योग नेताओं में शामिल होंगे, जो डॉनल्ड ट्रंप से मिलने वाले हैं।

उन्होंने बेकाबू हैकिंग की घटना को एक इंजीनियरिंग समस्या कहा है। इसलिए उन्होंने कहा कि एआई इंडस्ट्री के लिए सामान्य नियम बनाना जरूरी नहीं है और इसकी कोई ज़रूरत भी नहीं है।

डॉनल्ड ट्रंप द्वारा रैगुलेशन का विरोध करने का एक और कारण राजनीतिक है। एआई में निवेश और एआई उद्योग तथा उसके भविष्य को लेकर पैदा हुआ उत्साह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने वाली एक बड़ी ताकत बन गया है। एआई से जुड़ी पहलों पर अचानक रोक लगाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था में निवेश और कारोबारी उत्साह कम हो सकता है। ट्रंप अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में अमेरिकी मध्यावधि चुनावों से पहले ऐसा होते हुए नहीं देखना चाहेंगे।

इसके अलावा, ईरान युद्ध और कीमतों की स्थिति से निपटने के ट्रंप के तरीके ने भी उनकी छवि को नुकसान पहुंचाया है। ऐसे समय में एआई को लेकर बने उत्साह पर अचानक रोक लगने से उनकी और रिपब्लिकन पार्टी की चुनावी संभावनाओं को और नुकसान पहुंच सकता है।

असम में एनआईए ने 6 को गिरफ्तार किया

दिसपुर, 29 सितंबर। असम के बारपेटा जिले में कथित 'जिहादी' गतिविधियों और युवाओं को कट्टरपंथी संगठनों में शामिल करने के लिए प्रभावित करने के आरोप में एनआइए ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

एनआइए ने सोमवार रात होवली, बारपेटा रोड और सोरभोग थाना क्षेत्रों में

- इन लोगों पर जिहादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है

तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान सोरभोग क्षेत्र से तीन, बारपेटा रोड से दो और होवली से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों के पास से दस्तावेजों के अलावा, लैपटाप और मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रानिक उपकरण जब्त किए गए। एनआइए का आरोप है कि इन लोगों के प्रतिबंधित जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के सीमा-पार संगठन इमाम महमूदेर काफिला (आइएमके) से सीमा पार संबंध हैं।

सुप्रीम कोर्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुनाव में दौसा क्रिकेट एसोसियेशन की ओर से मत देने का अधिकार है। वहीं बृजकिशोर उपाध्याय का कहना है कि आरसीए ने वर्ष 2024 से उन्हें दौसा क्रिकेट एसोसियेशन का सचिव माना है और दौसा क्रिकेट एसोसियेशन ने कहा कि प्रदीप नागर की सदस्यता के मुद्दे पर लिखे गये पत्र को खारिज कर दिया था। बृजकिशोर उपाध्याय की ओर से कहा गया है कि प्रदीप नागर को चुनाव शिड्यूल की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उन्होंने चुनाव में भाग लेने से इंकार कर दिया और अपनी दावेदारी भी घोषित नहीं की।

राहुल गांधी ने सीडब्ल्युसी में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आधार पर "वोट चोरी" की बात कर रहे थे, तब आप में से ज्यादातर लोगों ने उन पर विश्वास नहीं किया था, लेकिन अब ज्यादा से ज्यादा लोग यह मानने लगे हैं कि यह सच है, और इसी तरह भाजपा दोहरी रणनीति के जरिए चुनाव जीत रही है, एक तो ईवीएम को मैनेज करके और दूसरे देश में बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाकर।

आज हुई कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्युसी) की बैठक में इण्डियन नैशनल कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित करके आरएसएस-भाजपा द्वारा चुनावी प्रक्रिया पर कब्जा करने की कोशिशों का विरोध करने का संकल्प लिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से देश को "वोट चोरी" के बारे में चेतावनी देते रहे हैं। हाल में सामने आई बातें उनकी दृढ़ता और कांग्रेस के लगातार प्रयासों का नतीजा हैं। आज देशभर में भारत के चुनावों की निष्पक्षता और विश्वसनीयता बहाल करने की मांग उठ रही है।

सीडब्ल्युसी ने चार स्पष्ट मांगें रखीं:

- सीईसी का तुरंत इस्तीफा।
- एसआईआर को तुरंत सस्पैंड करना।
- मतदाता सूची से हटाए गए 13 करोड़ से अधिक नामों को तुरंत बहाल करना।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का इस्तीफा, जिन्होंने "वोट चोरी" का आयोजन किया।

सीडब्ल्युसी ने कहा कि कांग्रेस केवल विपक्ष की पार्टी नहीं है, बल्कि विरोध करने वाली पार्टी भी है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यह संघर्ष अपने उचित अंजाम तक पहुंचे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह कांग्रेस ने ही अंग्रेजों से देश की आजादी और वोट देने का अधिकार हासिल किया था। अब समय आ गया है कि भाजपा सरकार से भी उसी तरह मुकाबला किया जाए, वोट देने का अधिकार बहाल किया जाए और लोकतंत्र को मजबूत किया जाए, जो "वोट चोरी" के कारण खतरे में है।

पार्टी सड़कों पर पर अपना आंदोलन और प्रदर्शन तब तक जारी रखेगी, जब तक ज्ञानेश कुमार को पद से नहीं हटाया जाता और पूरी लोकतांत्रिक प्रक्रिया बहाल नहीं हो जाती।

कल होने वाले इण्डिया गठबंधन की बैठक में यह तय किया जाएगा कि आंदोलन को आगे कैसे बढ़ाया जाए और क्या रामलीला मैदान में कोई बड़ी रैली आयोजित की जाए या अलग-अलग राज्यों में रैलियां की जाएं।

ज्ञानेश के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और विपक्षी इंडिया गठबंधन पर बिना किसी आधार के चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने और संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने की साजिश करने का आरोप लगाया। पार्टी ने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार नहीं है, वहां राज्य भाजपा अध्यक्षों या विपक्ष के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

पाकिस्तान के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नहीं देना परमाणु ईंधन की डिलीवरी में देरी कर सकता है और संभावित रूप से संयंत्र के संचालन की समय-सारिणी को प्रभावित कर सकता है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908